# मोदी के नाम बना शासन प्रमुख का कीर्तिमान

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई

**भोपाल,22 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज भारत में सर्वाधिक समय तक शासन प्रमुख के रूप में सेवा का कीर्तिमान स्थापित करने पर बधाई दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के नागरिक प्रधानमंत्री मोदी के प्रति निरंतर स्नेह, विश्वास और समर्थन की भावना को अभिव्यक्त कर रहे हैं.**

प्रधानमंत्री मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के शासन करने के रिकार्ड को पीछे छोड़ा है. उनके सार्वजनिक जीवन के 8931 दिन गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में दर्शाते हैं कि उन्होंने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर कार्य करते हुए अपनी भूमिका को यादगार बनाया है.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के ध्येय के साथ गरीब कल्याण से लेकर वैश्विक मंच पर हर क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है. प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने देश को विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि मां भगवती प्रधानमंत्री श्री मोदी को ऊर्जावान बनाए रखें. संपूर्ण विश्व में भारत की साख बढ़ाने वाले हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र निरंतर प्रगति, समृद्धि और वैभव के पथ पर अग्रसर बना रहेगा.

प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद के दायित्व की वर्षवार अवधि की चर्चा करें तो वे वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे. वर्ष 2002 में गुजरात विधानसभा के निर्वाचन के बाद वे दूसरी बार, वर्ष 2007 में तीसरी बार और वर्ष 2012 में चौथी बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने. श्री मोदी वर्ष 2014 के लोक सभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त कर प्रधानमंत्री बने. वर्ष 2019 में पहले से भी बड़े जनादेश के साथ उनकी वापसी हुई और वे दूसरी बार प्रधानमंत्री बने. श्री मोदी ने वर्ष 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बन कर इतिहास रचा.

### मुख्यमंत्री यूपीएससी में चयनित अभ्यर्थियों से आज करेंगे संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यूपीएससी परीक्षा में चयनित होकर देश भर में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले 61 अभ्यर्थियों से सोमवार को संवाद कर उनका सम्मान करेंगे. कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थी, अपनी मेहनत, संघर्ष और सफलता की कहानियां मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ सांझा करेंगे. कार्यक्रम का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार 23 मार्च को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया जा रहा है. कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित सफलता के मंत्र कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई प्रतिभाओं का परचम पुसतिका एवं डिजिटल वर्जन का विमोचन करेंगे. कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन उपस्थति रहेंगे.

# पुलिया से गिरी बाइक, चार की मौत

▸ बिना बैरिकेडिंग पुलिया से गिरे

**मंडला, 22 मार्च. जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में चार बाइक सवार युवकों की मौत हो गई. हादसा भैंसवाही और टिकराटोला के बीच एक जर्जर पुलिया से गिरने के कारण हुआ.**

स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि यह पुलिया पिछली बरसात में टूट गई थी, लेकिन इसका निर्माण या मरम्मत अब तक नहीं कराई गई.

हादसे के समय पुलिया के दोनों ओर न तो बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था. अंधेरे में तेज रफ्तार बाइक सवार युवक पुलिया से नीचे गिर गए. वे नीचे रखे सीमेंट पाइप से टकरा गए, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई. मृतकों की पहचान प्रमोद कुमार नरेती (24), संतलाल उइके (23), शिवम यादव (17) और गंगाराम उइके (22) के रूप में हुई है. रविवार को बीजाडांडी स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.



**शिकायत के बाद भी एक्शन नहीं**

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. भैंसवाही निवासी नन्ने सिंह परस्ते ने बताया कि पुलिया टूटने के बाद कई बार शिकायतें की गईं, जिसमें 181 हेल्पलाइन पर भी सूचना देना शामिल है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. ग्रामीणों ने ही आवागमन के लिए अस्थायी रास्ता बनाया था.

# रेलवन एप से अब यात्रा होगी आसान

## एक ही प्लेटफॉर्म पर टिकट, पीएनआर और लाइव स्टेटस जैसी सुविधाएं

**भोपाल, 22 मार्च. भारतीय रेल यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सेवाएं देने के लिए लगातार डिजिटल सुविधाओं का विस्तार कर रही है. इसी दिशा में 'रेलवन एप' एक स्मार्ट और उपयोगी पहल के रूप में उभरकर सामने आया है, जो यात्रियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर कई सेवाएं उपलब्ध कराता है.**

इस एप के जरिए यात्री आसानी से टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, लाइव ट्रेन स्टेटस, प्लेटफॉर्म की जानकारी सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं. रेलवन एप का इंटरफेस उपयोगकर्ता के अनुकूल है, जिससे इसे चलाना बेहद आसान और तेज है. साथ ही, यह सुरक्षित डिजिटल सेवा भी प्रदान करता है.



**तकनीकी नवाचारों से यात्रियों का समय बचेगा**

भोपाल मंडल ने यात्रियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक डिजिटल सेवाओं का उपयोग करें और रेलवन एप डाउनलोड कर अपनी यात्रा को सरल और व्यवस्थित बनाएं. रेल प्रशासन का मानना है कि ऐसे तकनीकी नवाचारों से न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि रेलवे सेवाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता में भी लगातार सुधार होगा.

## रेलवे कर्मचारियों के भत्ते बढ़े, बड़ा फायदा

**भोपाल.** भारतीय रेल ने कर्मचारियों के कल्याण को मजबूत करते हुए रनिंग स्टाफ के भत्तों में संशोधन किया है. 1 जनवरी 2024 से महंगाई भत्ते (ष्ठ) में 50% वृद्धि के बाद किलोमीटर भत्ता और एएलके की दरें बढ़ाई गई हैं. इस फैसले से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, फायरमैन, गार्ड (अब ट्रेन मैनेजर) समेत हजारों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा. नई दरों के तहत मेल लोको पायलट को प्रति 100 किमी ?606 और एएलके ?969 मिलेगा, जबकि पैसेंजर और गुड्स स्टाफ को भी बढ़ी दरों का फायदा होगा. ट्रैफिक रनिंग स्टाफ, जैसे मेल/एक्सप्रेस गार्ड और गुड्स गार्ड के भत्तों में भी वृद्धि की गई है.

# पार्क बना रणक्षेत्र, जान जोखिम में डाल टहलने को आमजन मजबूर

## नेहरू पार्क में साइकिल, क्रिकेट व फुटबॉल का कब्जा, प्रशासन मौन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 मार्च। शहर का चाचा नेहरू पार्क जो कभी लोगों के सुकून और स्वास्थ्य के लिए जाना जाता था, आज अराजकता का अखाड़ा बन चुका है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि अब यहां टहलना किसी जोखिम से कम नहीं रह गया है।**

सुबह-शाम सैर के लिए आने वाले लोग साइकिल, क्रिकेट और फुटबॉल खेलते बच्चों के बीच खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से आंख मूंदे बैठे हैं। पार्क में खुलेआम साइकिल दौड़ाई जा रही हैं, वहीं क्रिकेट और फुटबॉल के खेल ने पूरे परिसर पर कब्जा जमा लिया है। तेज रफ्तार साइकिल और उछलती गेंदें कभी भी किसी को चोटिल कर सकती हैं।



कई बार लोग बाल-बाल बचे हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो कोई नियम लागू हो रहा है और न ही किसी तरह की रोक-टोक दिखाई दे रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पार्क की देखरेख के लिए तैनात कर्मचारी भी हालात के आगे बेबस नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जब भी वे बच्चों को रोकने की कोशिश करते हैं, उन्हें धमकी और मारपीट तक का सामना करना पड़ता है। गार्ड की स्थिति भी इससे अलग नहीं है, वह सब कुछ देखते हुए भी कुछ करने की स्थिति में नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी कभी पार्क का निरीक्षण करने नहीं आते। नतीजा यह है कि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। जो पार्क कभी परिवारों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित स्थान हुआ करता था, अब वही डर और अव्यवस्था का प्रतीक बन गया है। स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब लोग इस पार्क से दूरी बनाने लगे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा प्रशासन, क्या किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किया जा रहा है? अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो नेहरू पार्क का नाम सिर्फ कागजों में रह जाएगा और जमीन पर यह अराजकता का स्थायी अड्डा बन जाएगा।



## सिरमौर के नेहरू पार्क को निशान बूत कर दिया क्यों सदा न रहा हैं सदा न रहेगा जमाना किसी का : कविता पांडे

नवभारत न्यूज

**सिरमौर 22 मार्च, पंडित जवाहरलाल नेहरू पार्क सिरमौर में कांग्रेस पार्टी के महासचिव कविता पांडे के साथ में कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष बृजेश पांडे मंडल अध्यक्ष विष्णु शुक्ला सहित सैकड़ो की तादाद में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे .**

जहां पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के मुख्य महासचिव एवं ब्यूरो चीफ बीरेंद्र प्रसाद मिश्र से रूबरू होते हुए बताएं कि पंडित जवाहरलाल नेहरू इसी स्थान में जब प्रधानमंत्री थे तो आये थे अपने साथ मे अपनी छोटी बेटी इंदिरा गांधी जी को लेकर आए थे और भाषण दिए थे कविता पांडेय मे काफी आक्रोश देखा गया उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के सांसद विधायक त्रिपल इंजन की सरकार है इनके द्वारा प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के याद गारो को भारतीय जनता पार्टी की सरकार क्यों समाप्त करना चाह रही है सिरमौर के नेहरू पार्क को निशानबूत कर दिया गया है पूर्वजो के यादगारो को क्यों समाप्त किया जा रहा हैं सदा ना रहा है सदा ना रहेगा जमाना किसी का सरकारें आती है जाती हैं लेकिन पूर्वजों के निशाने को कभी नहीं मिटाना चाहिए भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक की मै घोर निंदा करती हूं जो की सिरमौर के इस पार्क को नष्ट किया गया इतना ही नहीं कविता जी ने अपने पार्टी के नगर अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को संकेत करते हुए कहीं की नगर परिषद सीएमओ एवं नगर अध्यक्ष से आप लोग जाकर चर्चा कर आवेदन देकी पार्क मे बने नेहरू जी के चबूतरा को नष्ट न करें यदि कोई कार्रवाई नहीं करते हैं तो मैं कलेक्टर एवं कमिश्नर से जाकर मिलूंगी एवं उनसे सवाल करूंगी कि जहां पर पार्क हो अपने पूर्वजों की यादगार बनी हो उसको नष्ट करके दुकान बनाई जा रही हैं इसके अलावा और कहीं स्थान नहीं है मैं भारतीय जनता पार्टी के सांसद एवं विधायक को आगाह करती हूं कि सुधर जाओ प्रतीक चिन्हो को मत हटाओ मैं भारतीय जनता पार्टी की घोर निंदा करती हूं उनके साथ में कांग्रेस पार्टी के मंडल एवं नगर के सैकड़ो की तादाद में वरिष्ठ नेता चरण सिंह,नगर अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष विष्णु शुक्ला ब्यास पांडेय पार्षद अनिल सोनी गया मिश्रा आदिकई लोगों नें निंदा किये और कांग्रेस पार्टी नेहरू पार्क को निशान बूत किया गया हैं तो उसे पुन: बनाये जाने एवं पार्क के अस्तित्व की लड़ाई लड़ेगी.

# एमजीएम में खत्म हुई इंसेंटिव की देरी

**3 करोड़ बकाया भी चुकाया**

**इंदौर, 22 मार्च. एमजीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत चिकित्सकों और स्टॉफ को मिलने वाली इंसेंटिव राशि अब हर माह ऑटोमेटेड सिस्टम के जरिए सीधे उनके खातों में पहुंचेगी. लंबे समय से लंबित भुगतान की समस्या को भी दूर करते हुए पिछले दो माह में करीब 3 करोड़ रुपए का बकाया वितरण कर दिया है, जिससे डॉक्टरों और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है.**



मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घंघोरिया ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज करने वाले डॉक्टरों व स्टॉफ के लिए आईसीआईसीआई बैंक के सॉफ्टवेयर के माध्यम से नई व्यवस्था लागू की गई है. इसके तहत वर्ष 2023 और 2024 के लंबित भुगतान भी जारी कर दिए हैं, वहीं अब हर माह इंसेंटिव राशि स्वत: संबंधित खातों में ट्रांसफर हो रही है. उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ महीनों में विशेष मेहनत कर सभी पात्र डॉक्टरों, नर्सिंग स्टॉफ, वार्ड बॉय सहित योजना से जुड़े कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है.

**पूरी तरह पारदर्शी और आसान है सिस्टम...**

नई व्यवस्था के तहत डॉक्टरों का इंसेंटिव सीधे उनके खातों में और अस्पतालों का भुगतान संबंधित सुपरिटेंडेंट के खातों में पहुंच रहा है. यह सिस्टम पूरी तरह पारदर्शी और आसान है, जिससे भुगतान में देरी की समस्या खत्म हो गई है, डॉ. घंघोरिया के अनुसार, इस पहल से डॉक्टरों और स्टॉफ का मनोबल बढ़ेगा और आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा. उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज इस योजना को और मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है,

# प्रतिष्ठित व्यवसायी बृजेश डब्बू सोनी को दी गई अंतिम विदाई

## विधायक रामनिवास शाह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 22 मार्च। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी, फैशन गोल्ड पैलेस के संचालक बृजेश सोनी डब्बू के निधन पर आज दिन रविवार को पूरे शहर में शोक की लहर व्याप्त रही। उनकी अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां विभिन्न सामाजिक, व्यापारी एवं राजनीतिक संगठनों के लोग शामिल हुए।**

इस दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बृजेश सोनी का असमय निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। बृजेश सोनी डब्बू अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाजसेवा के कार्यों के लिए सदैव याद किए जाएंगे। अंतिम यात्रा बैढ़न शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली, जहां लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। हर वर्ग के लोगों ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुखद घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



# पूर्व उप संचालक जे पी सरवटे के खिलाफ चालान पेश

**जबलपुर, 22 मार्च. मध्य प्रदेश शासन के आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप संचालक, जगदीश प्रसाद सरवटे के विरुद्ध अपराध से आय अर्जित करने के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत विशेष न्यायालय पीएमएलए जबलपुर के समक्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने चालान पेश किया है.**



ईडी ने सरवटे के खिलाफ अभियोजन शिकायत दायर की थी. न्यायालय के पूर्व आदेश पर जगदीश सरवटे हाजिर हुए. कोर्ट ने अभियोजन शिकायत और अन्य दस्तावेज की प्रति उन्हें देने के निर्देश दिये है.

दरअसल, ईडी ने आर्थिक अपराध विंग जबलपुर द्वारा भ्रष्टाचार की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी. सरवटे पर आरोप है कि उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में कार्य करते हुए एक जनवरी 2015 से 20 जून 2025 की अवधि के दौरान अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों के अनुपात से अधिक संपत्ति अर्जित की. जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी ने भ्रष्ट तरीकों से अपराध से अर्जित आय उत्पन्न की थी और बाद में अवैध नगदी को बैंकिंग प्रणाली में डालकर भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनी जिलों में स्थित कई अचल संपत्तियों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को खरीदने में निवेश किया. ईडी ने कुल 11.81 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित आय की पहचान की है, जो उन संपत्तियों का मूल्य दर्शाती है, जिनमें अवैध धन का निवेश किया गया था.

## डॉक्टर के गढ़ाकोटा स्थित मकान के सीसीटीवी के डीवीआर जब्त

**सागर 22 मार्च.** सागर जिले के सानौधा थाना अंतर्गत चनाटौरिया टोल टैक्स प्लाजा के नजदीक सीएनजी कार मे मृत महिला के गढ़ाकोटा स्थित डॉक्टर के रहवासी मकान का पुलिस ने मुआयना किया और मकान मे लगे सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर जप्त कर लिए है. पुलिस के अनुसार कल शनिवार की सुबह गढ़ाकोटा के निजी क्लीनिक संचालक डॉक्टर नीलेश कुर्मी की पत्नी सीमा कुर्मी उम्र 34 वर्ष की सीएनजी कार मे आग लगने से जल कर मृत्यु हो गई थी जबकि डॉक्टर के अनुसार सीमा को हार्ट अटैक की शिकायत पर मकरोनिया सागर स्थित निजी अस्पताल अपने दो सहयोगियो के साथ लाया जा रहा था. मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने जांच पड़ताल की गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जाँच मे ले लिया था. शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया था मगर पीएम रिपोर्ट आज प्राप्त नही हो सकी. वही मृतिका के भाई ने मौके पर पहुंचकर डॉक्टर पर आरोप लगाए थे कि मारपीट की गई. पुलिस ने डॉक्टर को पूछताछ के बुलाया गया था. वही आज रविवार को सानौधा पुलिस ने गढ़ाकोटा स्थित डॉक्टर कुर्मी के मकान का निरीक्षण किया और मकान मे लगे सीसीटीवी कैमरो के डीवीआर को जप्त कर लिया है.


### जाहिर आम सूचना

सर्व साधारण व्यक्ति/संस्था/निकाय को इस सूचना के माध्यम से सूंचित किया जाता है कि ग्राम- पांड, तहसील- मझौली, जिला- सीधी (म.प्र.) में स्थित भूमि सर्वे no. 2166/2 एरिया 0.050 hect. पर श्री समयलाल, धीरेन्द्र प्रसाद पुत्र रामदिनेश साहू का स्वत्व दर्ज था। इसी अधिकार के तहत एक भू स्वामी श्री धीरेन्द्र प्रसाद साहू ने भूमि सर्वे नंबर 2166/2 में हिस्सा (1/2)-0.025 हेक्टेयर, पर पत्नी Mrs. समीला साहू पत्नी धीरेंद्र प्रसाद साहू के साथ सह-स्वामित्व विलेख निष्पादित किया है, जिसके 1250 वर्गफुट भाग पर घर निर्मित है। उक्त विलेख उप-पंजीयक ऑफिस सीधी में निष्पादित किया गया, जिसका पंजीयन क्रमांक **MP31IGR1869202 5A100822267, dated-12/09/2025** है। तहसीदार के नामंतरण आदेश के तहत खसरा संख्या 2166/2/2-0.006 हेक्टेयर पर श्रीमती समिला साहू और खसरा संख्या 2166/2/3-0.019 हेक्टेयर पर श्रीमती समीला साहू एवं श्री धीरेंद्र प्रसाद साहू का टाइटल दर्ज हुआ। वर्णित संपत्ति किसी व्यक्ति/संस्था/संगठन के पक्ष में अंतरित/दान/वसीयत/लीज/हस्तांतरित नहीं की गयी है। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूंचित किया जाता है की उक्त विलेख के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था/संगठन/आमजन को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के अंदर मेरे पक्षकार के कार्यालय **PNBHL** शाखा- सीधी (मो.6261335380) या मेरे कार्यालय चेम्बर NO.103A, जिला- न्यायालय, सीधी-जिला-सीधी (म.प्र.) मो.9179636101 में कार्यालयीन समय 10 बजे से 5 बजे के मध्य लिखित/मौखिक व दूरभाष से दस्तावेजो सहित अपना पक्ष व आपत्ति प्रस्तुत करे। तय समय पश्चात किसी भी व्यक्ति/संस्था निकाय द्वारा की गई आपत्ति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार **PNBHL** उक्त विलेख को पाक साफ मानते हुये बंधक कर ऋण स्वीकृत करेगा ।

स्थान-SIDHI दिनांक -23/03/2026

**भवदीय**
**सुजीत सिंह एडवोकेट**
**चेम्बर न.103A जिला न्यायालय सीधी**
**जिला सीधी (म.प्र.)**
**मो.9179636101**


पेज एक का शेष

## पीएम मोदी ने फिर बनाया रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को वडनगर, गुजरात में हुआ था. उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचारक के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की. 1985 में भाजपा में शामिल होकर उन्होंने पार्टी संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया. नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला. वह गुजरात के चार बार मुख्यमंत्री रहे. 2001, 2002, 2007 और 2012 विधानसभा चुनावों के बाद गुजरात सरकार का नेतृत्व किया. मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल 22 मई 2014 तक रहा. लगभग 12 वर्ष और 7 महीने तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे. नरेंद्र मोदी भारत के 14वें और वर्तमान प्रधानमंत्री हैं, जो 26 मई 2014 से लगातार पद पर बने हुए हैं. जून 2024 में उन्होंने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली. वे लगातार तीसरी बार जीतने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने 4,000 से अधिक दिनों तक पद पर रहकर सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्रियों में अपना स्थान बनाया है.

**चिंतन** ▸ पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने बौद्धिक सम्मेलन को किया संबोधित

# शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों में गिरावट का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 22 मार्च. मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को भोपाल में आयोजित बहुजन बौद्धिक शिखर सम्मेलन में भाग लेते हुए प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और संवैधानिक मूल्यों के पालन को लेकर चिंता व्यक्त की.**

इस कार्यक्रम में गुरदीप सिंह सप्पल, उदयन वाजपेयी, बादल सरोज, किरण अहिरवार सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे. सम्मेलन में संविधान के सिद्धांतों, सामाजिक न्याय, समानता तथा देश और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई. सभा को संबोधित करते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है. उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ा है. आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि छात्र नामांकन लगभग 1.5 करोड़ से घटकर करीब 1 करोड़ रह गया है, जिससे लगभग 50 लाख बच्चे शिक्षा से बाहर हो गए हैं. बजट में वृद्धि के बावजूद गुणवत्ता और पहुंच में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ. उन्होंने ग्रामीण शिक्षा की स्थिति पर भी चिंता जताई और कहा कि प्रदेश की लगभग 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जहां शिक्षा सुविधाएं कमजोर हैं. शिक्षकों पर बार-बार परीक्षा संबंधी कार्यभार डालने का भी उन्होंने विरोध किया.



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय शिक्षक प्रशिक्षण की पहल से शिक्षा स्तर में सुधार हुआ था.

पटवारी ने केंद्र सरकार पर संवैधानिक जवाबदेही कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में कोई भी व्यक्ति संविधान से ऊपर नहीं हो सकता.